

CG Board

Question Paper

2023

AGLASEM.COM

aglasem.com

C-232301-A

विषय : लेखाशास्त्र

Subject : Accountancy

समय 3 घंटे] [पूर्णांक 80

Time 3 Hours] [Maximum Marks 80

निर्देश :

(i) प्रश्न-पत्र तीन खण्डो मे विभाजित है – (अ), (ब) एवं (स)।

(ii) खण्ड (अ) के सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(iii) खण्ड (ब) एवं (स) मे से कोई भी एक खण्ड हल करना है।

(iv) प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नो के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए।

(v) अधिकतम शब्द-सीमा का उल्लेख सिर्फ सैद्धान्तिक प्रश्नो के लिए है।

Instructions :

(i) Question paper is divided in three Sections (A), (B) and (C).

(ii) All questions of Section (A) are compulsory.

(iii) Solve any one section from Section (B) and (C).

(iv) Write all answers of each section in same place.

(v) Maximum word-limit is only for the theoretical questions.

schools.aglasem.com
aglasem.com

(खण्ड-अ)

Section-A

(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

(Partnership Firms and Company Accounting)

निर्देश :

खण्ड (अ) के सभी प्रश्न सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य हैं। प्रश्न क्रमांक 1 से 6 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 1 शब्द या 1 वाक्य में देना है तथा वस्तुनिष्ठ प्रश्न भी हैं।

Instructions :

All questions of Section (A) are compulsory for all students. Question Nos. 1 to 6 are very short answer type questions carrying 1 mark each. Answer the questions in 1 word or 1 sentence and also include objective type questions.

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

Objective type questions :

प्रश्न–1. पुनर्मूल्यांकन खाता खोला जाता है 1

(अ) साझेदार के प्रवेश पर

(ब) फर्म के समापन पर

(स) साझेदारी फर्म के विक्रय पर

(द) इनमें से कोई नहीं

schools.aglasem.com
aglasem.com

Revaluation account is opened when :

(a) On admission of new partner

(b) On dissolution of a firm

(c) On sale of a partnership firm

(d) None of these

1

प्रश्न–2. कम्पनी के स्वामी होते हैं :

(अ) अंशधारी

(ब) ऋणपत्रधारी

(स) संचालक

(द) इनमें से कोई नही

Owners of a company are :

(a) Shareholders

(b) Debenture-holders

(c) Directors

(d) None of these

1

प्रश्न–3. लाभ-प्राप्ति का अनुपात है :

(अ) पुराना अनुपात – नया अनुपात

(ब) नया अनुपात – पुराना अनुपात

aglasem.com

schools.aglasem.com

(स) त्याग अनुपात - नया अनुपात

(द) त्याग अनुपात - पुराना अनुपात

Gaining ratio is :

(a) Old ratio – New ratio

(b) New ratio – Old ratio

(c) Sacrificing ratio – New ratio

(d) Sacrificing ratio – Old ratio

प्रश्न–4. किस प्रकार की ख्याति का मूल्य सबसे कम होता है ? 1

Which type of goodwill fetches the lowest value ?

प्रश्न–5. मृतक साझेदार की देय राशि का भुगतान किसे किया जाता है ? 1

To whom the due amount is paid in case of death of a partner ?

प्रश्न–6. पूँजीगत हानियों का अपलेखन किस मद से करते हैं ? 1

Capital losses are written off by which item ?

निर्देश :

प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है।

Instructions :

Question Nos. 7 to 10 are short answer type questions. Each question carries 3 marks. Maximum word-limit of answer is 50 words.

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्न–7. स्थानीय ख्याति किसे कहते हैं ? 3

What do you mean by local goodwill ?

प्रश्न–8. X लिमिटेड ने एक मशीन 60,000 रु. में Y ट्रेडर्स से क्रय की जिसका भुगतान 10 रु. प्रति समता अंशो में किया गया। कम्पनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। 1½+1½=3

X limited purchased a machine for Rs. 60,000 from Y traders. The payment was made by issue of equity shares of Rs. 10 each. Pass journal entries in the books of the company.

प्रश्न–9. एक कम्पनी 10 रु. वाले 20,000, 5% ऋणपत्र जनता में जारी किये। सम्पूर्ण राशि एकमुश्त प्राप्त हो गई। कम्पनी की पुस्तको में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए। 1½+1½=3

A company issued 20,000, 5% debentures at Rs. 10 each. All money duly received at lump-sum. Pass necessary journal entries in the books of the company.

प्रश्न–10. Z लिमिटेड ने राजेश के 150 अंशो का जिन पर प्रति अंश 10 रु. पूर्ण चुकता भुगतान में माँगे गये थे। आवंटन पर 3 रु. प्रति अंश व 4 रु. प्रति अंश अंतिम माँग की राशि का भुगतान न मिलने पर हरण कर लिया। Z लिमिटेड की पुस्तको में अंशो के हरण से सम्बन्धित आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। 3

Z limited forfeited 150 shares of Rs. 10 fully paid of Rajesh due to failure of Rs. 3 per share on allotment and Rs. 4 per share on final call. Pass journal entries in the books of Z Ltd. related to forfeiture of shares.

schools.aglasem.com
aglasem.com

निर्देश :

प्रश्न क्रमांक 11 एवं 12 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं।

Instructions :

Question Nos. 11 and 12 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice.

प्रश्न–11. विनय तथा रुचि 3 : 2 के अनुपात में साझेदार हैं। अरुणा को फर्म में 1/6 भाग के लिए साझेदारी में प्रवेश दिया जाता है। त्याग का अनुपात एवं नया अनुपात ज्ञात कीजिए। 2+2=4

Vinay and Ruchi are partners in the ratio of 3 : 2 respectively. Aruna is admitted into partnership for 1/6th share in the profits. Calculate the sacrificing ratio and new profit sharing ratio.

अथवा OR

एक फर्म का औसत शुद्ध लाभ 84,000 रु. प्रति वर्ष है। व्यवसाय में विनियोजित पूँजी 5,00,000 रु. है। इस प्रकार के व्यवसाय में विनियोजित पूँजी पर प्रत्याय 12% है। साझेदारों को 12,000 रु. पारिश्रमिक दिया जाता है। ख्याति की गणना अधिलाभ की पूँजीकरण विधि द्वारा कीजिए।

The average net profit of a firm is Rs. 84,000 per annum. Capital invested is Rs. 5,00,000. The rate of return in such business is 12%. Partners are paid Rs. 12,000 for remuneration. Calculate the value of goodwill by capitalisation of super profit method.

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्न–12. त्याग के अनुपात तथा नफे के अनुपात में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **1+1+1+1=4**

Distinguish between sacrificing ratio and gaining ratio.

अथवा OR

लाभ-हानि खाता एवं लाभ-हानि नियोजन खाता में अन्तर समझाइये।

Distinguish between Profit & Loss Account and Profit & Loss Appropriation Accounts.

निर्देश :

प्रश्न क्रमांक 13 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं।

Instructions :

Question Nos. 13 to 15 are long answer type questions. Each question carries 6 marks. Each question has an internal choice.

प्रश्न–13. करण, पंकज और नवीन क्रमशः 50,000 रु., 30,000 रु. और 20,000 रु. की पूँजी से साझेदार हैं। साझेदारी अनुबन्ध के अनुसार पूँजी पर 6% वार्षिक ब्याज दिया जायेगा। किन्तु आहरण पर कोई ब्याज नहीं होगा। साझेदार 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटेंगे। नवीन को 5,000 रु. प्रतिवर्ष वेतन दिया जायेगा। वर्ष 2020 में साझेदारों ने क्रमशः 6,000 रु., 5,000 रु. तथा 6,000 रु. रोकड़ी निकाले। पंकज ने 2,000 रु. की लागत के माल का आहरण किया, किन्तु पुस्तकों में कोई प्रविष्टि नहीं की गई। वेतन, ब्याज तथा माल का लेखा करने के पूर्व वर्ष 2020 का व्यापारिक लाभ 60,000 रु. था। साझेदार के चालू खाते एवं लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइये। **3+3=6**

Karan, Pankaj and Naveen are partners in a firm sharing profit and losses in proportion to 3 : 2 : 1 with capital of Rs. 50,000, Rs. 30,000 and Rs. 20,000

schools.aglasem.com

aglasem.com

respectively. The partnership agreement provides for crediting interest on capital @ 6% per annum. Naveen is entitled to a salary of Rs. 5,000 per annum. The partners withdrew Rs. 6,000, Rs. 5,000 and Rs. 6,000 respectively during the year. Pankaj withdrew goods worth Rs. 2,000 which was not entered in the books. The trading profit before taking into account interest salary and goods amounted to Rs. 60,000 for the year 2020. Prepare Profit and Loss Appropriation Account and Partners Current Accounts.

अथवा OR

X, Y और Z क्रमशः 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं। 31-12-2020 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार है :

चिट्ठा

31-12-2020

दायित्व		राशि (रु.)	सम्पत्तियाँ	राशि (रु.)
लेनदार		1,600	रोकड़	600
संचित कोष		6,000	बैंक में रोकड़	1,000
पूँजी खाता :			देनदार	9,000
X	10,000		स्कन्ध	7,000
Y	10,000		यंत्र	6,000
Z	10,000	30,000	भवन	14,000
		37,600		37,600

aglasem.com
schools.aglasem.com
aglasem.com

Z उक्त तिथि को अवकाश ग्रहण करता है। निम्न समायोजन करने हैं :

(i) संदिग्ध ऋण संचय 5% किया जायेगा।

(ii) स्कन्ध का 5% तथा यंत्र का 10% अवमूल्यन किया जाय।

(iii) भवन का मूल्य 15,100 रु. रखा जाये।

लाभ-हानि समायोजन खाता एवं साझेदारों के पूंजी खाते बनाइये।

X, Y and Z are partners in the ratio of 3 : 2 : 1. Their balance sheet on 31-12-2020 is as under :

Balance Sheet

31-12-2020

Liabilities	Amount (Rs.)	Assets	Amount (Rs.)
Creditors	1,600	Cash	600
Reserve Fund	6,000	Cash at Bank	1,000
Capital :		Debtors	9,000
X 10,000		Stock	7,000
Y 10,000		Machinery	6,000
Z 10,000	30,000	Building	14,000
	37,600		37,600

P.T.O.

aglasem.com
schools.aglasem.com
aglasem.com

On that day Z retires from business. It is agreed to adjust the values of the assets as follows :

(i) To provide a reserve of 5% on Sundry Debtors for Doubtful Debts.

(ii) To depreciate stock 5% and plant by 10%.

(iii) Building is revalued by an independent valuer at Rs. 15,100.

Prepare Profit and Loss Adjustment Account and Partners Capital Accounts.

प्रश्न–14. पलक तथा श्रेया ने 1 जनवरी, 2020 को अपनी फर्म का विघटन कर दिया। निम्नांकित व्यवहारों के लिए क्या जर्नल प्रविष्टियाँ की जायेगी : **1+1+1+1+1+1=6**

(अ) विघटन के व्यय 1,500 रु. हुए।

(ब) लेखे से छूटी हुई एक सम्पत्ति से 7,500 रु. वसूल हुए।

(स) 6,000 रु. के मूल्य का स्टॉक वसूली खाते में पहले से ही अन्तरित है इसे साझेदार पलक ने ले लिया।

(द) वसूली खाते में पहले से ही अन्तरित 9,000 रु. के लेनदारों को नकद भुगतान कर दिया।

(य) बैंक ऋण का भुगतान किया 12,000 रु.।

(र) वसूली खाते का लाभ 12,000 रु. पलक तथा श्रेया को क्रमशः 3 : [illegible] के अनुपात में हस्तातंरित करना है।

Palak and Shreya dissolved their firm on 1st Jan., 2020. What journal entries will be made for the following transactions on its dissolution :

(a) Dissolution expenses amounted to Rs. 1,500.

(b) An unrecorded asset realised Rs. 7,500.

(c) Stock worth Rs. 6,000 already transferred to Realisation Account was taken over by partner Palak.

schools.aglasem.com
aglasem.com

(d) Creditors already transferred to Realisation Account were paid Rs. 9,000.

(e) Rs. 12,000 is paid to bank loan.

(f) Profit on realisation Rs. 12,000 is to be transferred to Palak and Shreya in the ratio of 3 : 1.

अथवा OR

अ, ब एवं स 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदारी व्यवसाय करते हैं। 31 दिसम्बर, 2020 को वे अपने व्यवसाय का समापन करने को सहमत हुए, उनका चिट्ठा निम्नानुसार था :

चिट्ठा

31-12-2020

दायित्व	राशि (रु.)	सम्पत्तियाँ	राशि (रु.)
लेनदार	88,000	स्टॉक	60,000
पूँजी :		मशीनरी	1,00,000
(अ) 1,00,000		देनदार	78,000
(ब) 10,000		रोकड़	32,000
(स) 72,000	1,82,000		
	2,70,000		2,70,000

अ मशीनरी को 80,000 रु. में लेने को राजी हुआ। देनदारों से 63,000 रु. वसूल हुए और स्टॉक 46,000 रु. में बेच दिया गया। लेनदारों को कुल 84,000 रु. भुगतान किया। विघटन व्यय 3,000 रु. किया गया।

वसूली खाता बनाइये।

schools.aglasem.com
aglasem.com

A. B and C were partners in the ratio 3 : 2 : 1 respectively. They decided to dissolve the firm from 31st Dec., 2020. The balance sheet on that data was as under :

Balance Sheet

31-12-2020

Liabilities	Amount (Rs.)	Assets	Amount (Rs.)
Creditors	88,000	Stock	60,000
Capital :		Machinery	1,00,000
(a) 1,00,000		Debtors	78,000
(b) 10,000		Cash	32,000
(c) 72,000	1,82,000		
	2,70,000		2,70,000

A agreed to take over machinery at Rs. 80,000. Debtors realised Rs. 63,000 and stock realised Rs. 46,000. The creditors were satisfied by payment of Rs. 84,000. Dissolution expenses amounted to Rs. 3,000.

Prepare Realisation Account.

प्रश्न–15. दर्शना लिमि. ने पारुल लिमि. से भवन 90,000 रु. में क्रय किया जिसका भुगतान 10 रु. वाले समता अंशों के निर्गमन द्वारा होगा। दर्शना लिमिटेड की पुस्तकों मे जर्नल के लेखे कीजिए जबकि (अ) अंशो का निर्गमन सममूल्य पर हो तथा (ब) अंशो का निर्गमन 20% प्रीमियम पर हो।

2+2+2=6

schools.aglasem.com
aglasem.com

Darshana limited purchased a building from Parul limited for Rs. 90,000 payable by issue of fully paid equity shares of Rs. 10 each. Pass journal entries in the books of Darshana limited when (a) Shares are issued at par and (b) Shares are issued at a premium of 20%.

अथवा OR

अरुणेश की पुस्तकों में निम्नांकित दशाओं में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) 100 रु. वाले 10,000, 10% ऋणपत्र सममूल्य पर निर्गमित किये गये।

(ii) 100 रु. वाले 10,000, 10% ऋणपत्र 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये गये।

(iii) 100 रु. वाले 10,000, 10% ऋणपत्र 10% बट्टे पर निर्गमित किये गये।

Make necessary journal entries in the books of Arunesh for the following cases

(i) Issued 10,000, 10% debentures of Rs. 100 each at par.

(ii) Issued 10,000, 10% debentures of Rs. 100 each at 10% premium

(iii) Issued 10,000, 10% debentures of Rs. 100 each at 10% discount.

निर्देश :

प्रश्न क्रमांक 16 एवं 17 संख्यात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

Instructions :

Question Nos. 16 and 17 are numerical questions. Each question carries 8 marks

Each question has an internal choice

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्न–16 अर्पित, प्रशांत तथा राहुल क्रमशः 3 : 2 : 1 के अनुपात में साझेदार हैं। उन्होंने 31 दिसम्बर 2020 को फर्म का विघटन किया। इस तिथि को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था :

चिट्ठा

31-12-2020

दायित्व		राशि (रु.)	सम्पत्तियाँ	राशि (रु.)
लेनदार		1,20,000	स्थायी सम्पत्तियाँ	2,00,000
पूंजी :			चालू सम्पत्तियाँ	80,000
अर्पित	60,000		बैंक	20,000
प्रशांत	60,000			
राहुल	60,000	1,80,000		
		3,00,000		3,00,000

सम्पत्तियों पर उनके पुस्तकीय मूल्य में से 20% कम वसूल हुए। लेनदारों का पूर्ण भुगतान कर दिया। समापन व्यय 1,000 रु. हुए, जो नकदी चुका दिये गये। एक संदिग्ध दायित्व के लिए 1,000 रु. का भुगतान किया गया, जिसके लिए पुस्तकों में कोई व्यवस्था नहीं थी।

वसूली खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते बनाइये। **4+4=8**

Arpit, Prashant and Rahul were partners in a firm sharing profit and losses in proportions of 3 : 2 : 1. They dissolved the firm on 31st December 2020. Their Balance Sheet on that date was as under :

schools.aglasem.com
aglasem.com

Balance Sheet

31-12-2020

Liabilities	Amount (Rs.)	Assets	Amount (Rs.)
Creditors	1,20,000	Fixed Assets	2,00,000
Capital :		Current Assets	80,000
Arpit 60,000		Bank	20,000
Prashant 60,000			
Rahul 60,000	1,80,000		
	3,00,000		3,00,000

Assets realised 20% less than the books value. Creditors were paid off. Dissolution expenses were paid Rs. 1,000. Unrecorded liability of Rs. 1,000 was also paid.

Prepare Realisation Account and Partners Capital Accounts.

अथवा OR

X और Y 3 : 1 के साझेदार हैं। वे फर्म के विघटन हेतु सहमत हैं। सम्पत्तियों (रोकड़ शेष 2,000 रु. है) की वसूली से रु. 1,10,000 प्राप्त हुए। फर्म के दायित्व तथा अन्य विवरण इस प्रकार है :

लेनदार 40,000 रु., X की पूँजी 1,00,000 रु.

schools.aglasem.com
aglasem.com

Y की पूँजी (विक. शेष) 10,000 रु., लाभ-हानि खाता (विक. शेष) 8,000 रु.

वसूली के व्यय 1,000 रु.

लेनदारों को पूर्ण भुगतान में 38,000 रु. दिये गये।

वसूली खाता और साझेदारों का पूँजी खाता बनाइये।

X and Y are partners in a ratio 3 : 1. They agreed for dissolving the firm. Assets (Cash Balance Rs. 2,000) were realized Rs. 1,10,000. Liabilities of the firm and other details were as under :

Creditors Rs. 40,000, X's capital Rs. 1,00,000, Y's capital (debit balance) Rs. 10,000, Profit and loss account (debit balance) Rs. 8,000. Dissolution expenses Rs. 1,000. Creditors paid-off in full Rs. 38,000.

Prepare Realization Account and Partners Capital Account.

प्रश्न–17. दुर्गेश एण्ड कम्पनी लि. ने 10 रु. वाले 10,000 अंश 4 रु. प्रीमियम पर निर्गमित किये। किस्तें निम्न प्रकार निश्चित की गईं :

4 आवेदन पर (1 रु. प्रीमियम सहित), 3 रु. आवंटन पर (1 रु. प्रीमियम सहित), 4 रु. प्रथम याचना पर (1 रु. प्रीमियम सहित), 3 रु. द्वितीय एवं अंतिम याचना पर (1 रु. प्रीमियम सहित) सभी राशियाँ यथा समय प्राप्त कर ली गईं। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

1+1+1+1+1+1+1+1=8

schools.aglasem.com
aglasem.com

Durgesh and Co. Ltd. issued 10,000 shares of Rs. 10 each payable at premium of Rs. 4 per share. The amount payable are as under :

On application Rs. 4 (including premium of Re. 1)

On allotment Rs. 3 (including premium of Re. 1)

On first call Rs. 4 (including premium of Re. 1)

On second and final call Rs. 3 (including premium of Re. 1)

All the amounts were received duly. Pass necessary journal entries in the books of the company.

अथवा OR

बी. लिमिटेड ने 100 रु. वाले 10,000 12% ऋणपत्र सममूल्य पर निम्न प्रकार निर्गमित किये : आवेदन पर 10 रु. आवंटन पर 20 रु., प्रथम याचना पर 40 रु. तथा द्वितीय याचना पर 30 रु. प्रति ऋणपत्र। यह मानते हुए कि सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं, कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल के लेखे कीजिए।

B. Ltd. issued 10,000, 12% debentures of 100 each at par payable as : Rs. 10 on application, Rs. 20 on allotment, Rs. 40 on first call and Rs. 30 per debenture on second call. Make necessary journal entries in the books of the company assuming that all money were duly received.

schools.aglasem.com
aglasem.com

(खण्ड-ब)

Section-B

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

(Analysis of Financial Statement)

निर्देश :

प्रश्न क्रमांक 18 एवं 19 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

Instructions :

Question Nos. 18 and 19 are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.

सही विकल्प चुनिए :

Choose the correct option :

प्रश्न–18. कम्पनी का आर्थिक चिट्ठा किस अधिनियम के द्वारा बनाया जाता है : 1

(अ) 1932

(ब) 1956

(स) 2010

(द) इनमें से कोई नहीं

By which act financial statement of a company is made :

(a) 1932

(b) 1956

(c) 2010

(d) None of these

aglasem.com
schools.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्न–19. लाभांश का भुगतान किस प्रकार की क्रिया है ? 1

Payment of dividend is which type of activity ?

निर्देश :

प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

Instructions :

Question Nos. 20 to 22 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice.

प्रश्न–20. निम्नलिखित विवरणों से 31 मार्च, 2020 एवं 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष हेतु तुलनात्मक आय विवरण बनाइए : 4

विवरण	2020	2021
बिक्री	80,000 रु.	1,00,000 रु.
बिक्री किये गये माल की लागत	बिक्री का 60%	बिक्री का 60%
अप्रत्यक्ष व्यय	सकल लाभ पर 10%	सकल लाभ पर 15%
आयकर की दर	50%	60%

Prepare comparative income statement from the following particulars for the year ended 31st March, 2020 and 31st March, 2021 :

Particulars	2020	2021
Sales	80,000 Rs.	1,00,000 Rs.
Cost of goods sold	60% of sales	60% of sales
Indirect expenses	10% of gross profit	15% of gross profit
Income tax rate	50%	60%

schools.aglasem.com

aglasem.com

अथवा OR

निम्न सूचनाओं के आधार पर तुलनात्मक विवरण दिनांक 31 मार्च, 2020 एवं 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए बनाइये :

विवरण	2020 (रु.)	2021 (रु.)
विक्रय	2,40,000	3,00,000
बेचे गये माल की लागत	1,40,000	1,50,000
अप्रत्यक्ष व्यय	40,000	50,000
कर हेतु प्रावधान	12,000	20,000

From the following information prepare a comparative statement for the year ended 31st March, 2020 and 31st March, 2021 :

Particulars	2020 (Rs.)	2021 (Rs.)
Sales	2,40,000	3,00,000
Cost of goods sold	1,40,000	1,50,000
Indirect expenses	40,000	50,000
Provision for tax	12,000	20,000

प्रश्न–21. कोष प्रवाह विवरण के चार उद्देश्य लिखिए। **1+1+1+1=4**

Write any four objectives of cash flow statements.

अथवा OR

कोष प्रवाह विवरण का महत्व लिखिये।

Describe the importance of fund flow statement.

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्न–22. निम्नलिखित सूचनाओं से चालू अनुपात ज्ञात कीजिए। स्टॉक 2,500 रु., देनदार 2,000 रु., प्राप्य विपत्र 500 रु., अग्रिम कर चुकाया 200 रु., रोकड़ 1,500 रु., लेनदार 3,000 रु., देय विपत्र 2,000 रु., बैंक अधिविकर्ष 200 रु. **4**

From the following instructions calculate current ratio. Stock Rs. 2,500, Debtors Rs. 2,000, Bills receivable Rs. 500, Advance tax paid Rs. 200, Cash Rs. 1,500, Creditors Rs. 3,000, Bills payable Rs. 2,000, Bank overdraft Rs. 200.

अथवा OR

निम्नांकित सूचनाओं से तरलता अनुपात ज्ञात कीजिए :

(i) चल अनुपात 2.5 : 1

(ii) स्टॉक 1,20,000 रु.

(iii) चल दायित्व 1,60,000 रु.

Find out liquid ratio from the following particulars :

(i) Current ratio 2.5 : 1

(ii) Inventories Rs. 1,20,000

(iii) Current liabilities Rs. 1,60,000

निर्देश :

प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित है।

Instructions :

Question No. 23 is long answer type question. It carries 6 marks

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्न-23. वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की सीमाओं को लिखिए। (कोई छः) 1+1+1+1+1+1=6

Write the limitations of analysis of financial statement. (Any six)

अथवा OR

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का महत्व लिखिए। (कोई छः)

Write the importance of analysis of financial statement. (Any six)

(खण्ड-स)

Section-C

(कम्प्यूटर लेखांकन)

(Computer Accounting)

निर्देश :

प्रश्न क्रमांक 18 एवं 19 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

Instructions :

Question Nos. 18 and 19 are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.

सही विकल्प चुनिए :

Choose the correct option :

प्रश्न-18. इनमें से कौन-सा आउटपुट यंत्र है : 1

(अ) माउस

(ब) कुंजीपटल

(स) मानीटर

(द) केन्द्रीय संसाधन इकाई

schools.aglasem.com
aglasem.com

Which of the following is an output device :

(a) Mouse

(b) Key board

(c) Monitor

(d) CPU

प्रश्न–19. कम्प्यूटर की स्थाई मेमोरी किसे कहा जाता है ? 1

What is called permanent memory of Computer ?

निर्देश :

प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

Instructions :

Question Nos. 20 to 22 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice. https://www.cgboardonline.com

प्रश्न–20. हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार) 1+1+1+1=4

Differentiate between Hardware and Software. (Any four)

अथवा OR

कम्प्यूटर और केलकुलेटर में अन्तर लिखिए। (कोई चार)

Write the difference between Computer and Calculator. (Any four)

प्रश्न–21. कम्प्यूटर के उपकरणों का नाम एवं उनका वर्णन लिखिए। (कोई चार) 1+1+1+1=4

Write the name and description of computer equipment. (Any four)

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा OR

कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली के दोष समझाइए। (कोई चार)

Discuss the disadvantages of computerized accounting system. (Any four)

प्रश्न–22. इलेक्ट्रॉनिक विस्तार-पत्र की चार विशेषताएँ लिखिए। **1+1+1+1=4**

Write the characteristics of electronic spread sheet. (Any four)

अथवा OR

डाटा बेस प्रबंध प्रणाली के चार उद्देश्य लिखिए।

Write the four objectives of database management system.

निर्देश :

प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित है।

Instructions :

Question No. 23 is long answer type question. It carries 6 marks.

प्रश्न–23. पे-रोल के घटकों को समझाइए। (कोई छः) **1+1+1+1+1+1=6**

Explain the components of pay-roll. (Any six)

अथवा OR

पे-रोल में कटौतियों को समझाइये। (कोई छः)

Explain deductions in pay-rolls. (Any six)

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com
schools.aglasem.com